सुविधाओं का ध्यान नहीं और फिर नया स्कूल खोलने दर्जनों कतार में गोरखधंधा

मोहखेड़ विकासखंड के निजी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर हो रहा खिलवाड़

नवभारत न्यूज

मोहखेड़,8 मई, मोहखेड विकासखंड में शिक्षा का व्यवसायिक के रूप में इस कदर हावी है कि नियम कायदे कागजों तक सीमित रह गए है।अशासकीय स्कूलों में पढ़ने अधिक छात्रों का भविष्य तंग गलियों और बिना खेल मैदान वाले परिसरों में दम तोड़ रहा है। विडंबना यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे खेल के नाम पर हर साल लाखों रुपए की वसूली की जा रही है, लेकिन धरातल पर सुविधाएं शून्य है।

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्राथमिक से लेकर उच्च कक्षाओं के संचालन की मान्यता देने के पूर्व सुविधा व संसाधन को लेकर बकायदा नियम व शर्तें बनाई गई हैं। इसमें विशेषकर खेल मैदान, आधुनिक लाइब्रेरी, शुद्ध पेयजल से लेकर बिजली की उपयुक्त व्यवस्था जैसी सुविधाएं दुरूस्त होनी चाहिए, लेकिन हर साल गांवो में खुल रहे स्कूलों में इनकी अनदेखी हो रही है।

दुकानों जैसे स्कूल

चाहे मुख्यालय हो या फिर ग्रामीण अंचल हर साल नया सत्र शुरू होते ही शिक्षा के नाम नाम पर बच्चों को लोक लुभावन विज्ञापन के माध्यम से फंसाने का अवैध कारोबार पूरे विकासखंड में फलफूल रहा है। कई जगह तो एक ही स्कूल के नाम से कई शाखाएं संचालित हैं। दुकानों जैसे कमरे बने हुए जहा बिना खेल मैदान, लाइबेरी और प्रयोगशाला के धड़ल्ले से चल रहे हैं।

सस्ते शिक्षक

फीस के नाम पर मोटी-मोटी रकमें लेने वाले स्कूलों में स्टाफ की हालत उतनी ही खराब है। यहां भी ये स्कूल बेरोजगारों का शोषण कर रहे हैं। हजारों-लाखों रुपए बच्चों से वसूलने वाले ये स्कूल स्टाफ को 3 से 5 हजार में रख रहे हैं। कहीं तो 'सस्ते शिक्षकों' से ही काम चलाया जा रहा है। चाल और सुनहरे भविष्य की चाह में आम से खास इन स्कूलों की तिजोरियां भर रहे हैं। ऐसे में शोषित हो रहे बेरोजगारों के साथ भी न्याय नहीं हो रहा।

नोडल अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

निजी स्कूल खोलने के बाद संबंधित क्षेत्र के शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया जाता है। जरूरी नहीं है कि नोडल अधिकारी बीईओ केटेगरी का अफसर हो। शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल के प्राचार्यों को भी नोडल अधिकारी बनाया जाता है। नोडल अधिकारी चंद रुपयों के लालच में आंख मूंदकर ऐसे स्कूलों को मान्यता दे देते हैं।

ऐसे होते हैं हालात: जिन निजी स्कूलों का मान्यता ताक में रखकर दी जाती है। उन स्कूलों में न तो शौचालय, बिजली पानी की सुविधा होती है बल्कि स्कूल बिल्डिंग भी ढंग का होता है। चंद कमरों में स्कूल संचालित होते हैं। जहां बच्चों को बैठने में घुटन महसूस होता है। ऐसे स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत जो मापदंड तय किए होते हैं वह सुविधाएं नहीं होती। इतना ही नहीं ऐसे स्कूलों में छात्रों से शिक्षा के नाम पर फीस भी अधिक ली जाती है। अभिभावक भी बच्चों की अच्छी शिक्षा के नाम पर ठगे जाते हैं।

सड़क साइट शोल्डर में गड्ढों का आलम, राहगीरों की जान पर बन आई

मोहखेड़, सारंगबिहरी से बिछुआ सड़क के किनारे बने शोल्डर (साइड पट्टी) इन दिनों गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। हालत यह है कि मुख्य सड़क के साथ-साथ चलना तो दूर, शोल्डर पर वाहन उतारना भी खतरे से खाली नहीं है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के समय शोल्डर की मजबूती पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण थोड़ी सी बारिश और भारी वाहनों के दबाव से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। कई स्थानों पर तो शोल्डर पूरी तरह धंस चुका है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।राहगीरों और दोपहिया चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। अचानक वाहन साइड में लेने पर गड्ढे में पहिया फंसने से गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क शोल्डर की मरम्मत कराई जाए और जहां गड्ढे हैं वहां अस्थायी रूप से मुरम या गिट्टी डालकर उन्हें भरा जाए।यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो यह समस्या बड़े हादसों का कारण बन सकती है।

कांग्रेस सेवादल ने घोषित की नगर अध्यक्षों की सूची

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवादल ने जिले के नगर अध्यक्षों की सूची जारी की है। जारी सूची में 23 नाम सम्मिलित है।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे की अनुशंसा उपरांत कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष दीपक वाजपेई द्वारा जारी की गई सूची में निम्नलिखित नाम शामिल है।बलराम चौहान छिन्दवाड़ा नगर अध्यक्ष, राकेश मुन्ना ठाकुर अमरवाड़ा नगर अध्यक्ष, जफर अंसारी सिंगोड़ी नगर अध्यक्ष, राजेश बंदेवार कार्यवाहक अध्यक्ष सिंगोड़ी, बलराम श्रीवास हर्रई नगर अध्यक्ष, राजा कहार बटकाखापा नगर अध्यक्ष, प्रेमनाथ इवनाती धनोरा-छिन्दी नगर अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।महेन्द्र डेहरिया तामिया नगर अध्यक्ष, संतोष मानेकर नवेगांव नगर अध्यक्ष, गणेश साहू उमरेठ नगर अध्यक्ष, अभिषेक बघेल सांवरी नगर अध्यक्ष, गुलाब ठाकुर मोहखेड़ नगर अध्यक्ष, तरूण ठक्कर चांद नगर अध्यक्ष, काजू विश्वकर्मा चौरई नगर अध्यक्ष, संतोष जंघेला जामई नगर अध्यक्ष, आकाश दुबे परासिया नगर अध्यक्ष, देवेन्द्र डेहरिया बड़कुही नगर अध्यक्ष, यासिर अंसारी न्यूटन नगर अध्यक्ष, रियाज खान चांदामेटा नगर अध्यक्ष, आवेश खान शिवपुरी नगर अध्यक्ष, रसीद रईम दमुआ नगर अध्यक्ष एवं जगजीवन गोनेकर को बिछुआ नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

जाटा छापर बस्ती मोक्ष धाम में निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ

नवभारत न्यूज

परासिया,8 मई, ग्राम पंचायत जाटा छापर बस्ती में बिजली घाट में मोक्ष धाम में बैठक व्यवस्था के लिए हाल निर्माण लागत 4 लाख एवं तार फेंसिंग एवं गेट निर्माण लागत 3लाख का भूमि पूजन जनपद उपाध्यक्ष जमील खान सरपंच नरेंद्र धुर्वे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मोक्ष धाम के सौंदरीकरण का कार्य लगातार चालू है इसके पूर्व डेढ़ सौ मीटर सीसी रोड 100 मीटर फारसीकरण का कार्य यहां पर कराया गया। कार्यक्रम में पंच जगदीश यदुवंशी जमुना यदुवंशी रमेश राय शांति बाई कमला यदुवंशी प्रमोद भार्गव हेमराज सूर्यवंशी गजानंद यदुवंशी पूरन लाल यदुवंशी राजू वर्मा हरि विश्वकर्मा पप्पू भार्गव छोटेलाल शंखनाद फागु प्रसाद विजय चंदेल अशोक अनवरिया महेश सूर्यवंशी मनीष सूर्यवंशी लल्लू यदुवंशी मानव राय संतोष राय पवन राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी की जमीन तक पहुंचा विवाद , हाथ ठेला व्यापारियों ने लगाई गुहार

बटकाखापा में वन विभाग की फेंसिंग पर सवाल

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, बटकाखापा नगर में इन दिनों वन विभाग द्वारा की जा रही फेंसिंग को लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि वन विभाग ने अपनी निर्धारित भूमि पर तो बाउंड्री वॉल बना ली, लेकिन अब एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी की जगह पर भी फेंसिंग करने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे वर्षों से रोजी-रोटी चला रहे छोटे हाथ ठेला व्यापारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय हाथ ठेला व्यापारियों ने वन विभाग के अधिकारियों से भावुक अपील करते हुए कहा—

साहब, थोड़ी सी जगह बची है, हमें हाथ ठेला लगाने दीजिए, आपका भगवान भला करेगा। व्यापारियों का कहना है कि सड़क निर्माण और लगातार चल रहे सरकारी कार्यों के कारण पहले ही उनका व्यापार प्रभावित हो चुका है। अब यदि बची हुई जगह पर भी फेंसिंग कर दी गई तो परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा। कई व्यापारियों ने बताया कि वे वर्षों से इसी स्थान पर छोटा व्यापार कर अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं।

व्यापारियों में बढ़ी चिंता : फेंसिंग कार्य शुरू होने की खबर मिलते ही स्थानीय व्यापारियों और नगरवासियों में चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन और वन विभाग को गरीब एवं छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मानवीय निर्णय लेना चाहिए।

उठ रहे बड़े सवाल

क्या वन विभाग के उच्च अधिकारी व्यापारियों की मांग स्वीकार करेंगे ?क्या छोटे व्यापारियों को वैकल्पिक व्यवस्था मिलेगी ?क्या प्रशासन गरीब परिवारों की रोजी-रोटी बचाने आगे आएगा ? आखिर कब स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर खुशी लौटेगी ?अब सभी की नजर वन विभाग और प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में व्यापारियों का विरोध और तेज हो सकता है।

गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर तुलाई में गड़बड़ी और अवैध वसूली रोकी जाये: किसान कांग्रेस

छिन्दवाड़ा। जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों में तुलाई में गड़बड़ी और केन्द्रों में अवैध वसूली की शिकायतों को देखते हुये जिला किसान कांग्रेस की ओर से 8 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कलेक्टर को प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने गेहूं उपार्जन केन्द्रों में 50 किलो 135 ग्राम की बजाए 50 किलो 700 ग्राम तक तुलाई करने, ग्रेडिंग के नाम पर 10 से 15 रुपए तक किसानों से अवैध वसूली करने, अच्छी किस्म के गेहूं में भी छन्ना लगाने, किसानों द्वारा गेहूं बेचने के बाद बिल नहीं निकलने और भुगतान नहीं होने, कई केन्द्रों में तौल कांटों में भी गड़बड़ी होने और कांटे खराब पाये गये हैं।खराब कांटे हटाकर नये कांटे लगवाने, कांटो की संख्या बढ़वाने, सैंकड़ों किसान जिन्होनें खेतों में गेहूं लगाया था और उनका पंजीयन हो गया था उन्हे भी वर्तमान में असत्यापित कर दिया है इससे वे अपनी उपज केन्दों में नहीं बेच पा रहे हैं, उपार्जन केन्द्रों पर पटवारी और तहसीलदारों के द्वारा इसमें सुधार करवाने, केन्द्रों में निजी कंपनी के सर्वेयरों द्वारा 3-4 किलो प्रत्येक किसानों से अलग से नमूना रखने पर रोक लगान स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं को दूर करने और उसमें सुधार करवाने, खरीदी केन्द्रों में वेयर हाउस मालिकों और प्रबंधकों का अनावश्यक हस्तक्षेप दूर करने सहित केन्द्रों में नोडल अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक करने और गेहूँ उपार्जन केन्द्रों की अन्य समस्त समस्याओं की उच्च स्तरीय जांच करवाकर किसान हित में उक्त समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण हेतु मुद्दो को उठाया है।

सड़क किनारे पीएचई ठेकेदार द्वारा बनाए जा रहे वाल चैंबर

सुरक्षा पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

मोहखेड़,8 मई, ग्राम पंचायत सारंगबिहरी में सड़क किनारे पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा वाल चैंबर निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर सड़क के बिल्कुल किनारे गड्ढे खोदकर वाल चैंबर बनाए जा रहे हैं, लेकिन न तो वहां किसी प्रकार की चेतावनी पट्टिका लगाई गई है और न ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है, खासकर रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है।

लोगों का कहना है कि यह कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता की भी जांच कराई जाए। साथ ही दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

बटकाखापा स्वास्थ्य केंद्र की 108 एम्बुलेंस खुद हुई बीमार, घाटों में दे रही जवाब

लंबे सफर में बंद हो रही गाड़ी, मरीज और गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, बटकाखापा स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र का सबसे बड़ा स्वास्थ्य केंद्र माना जाता है, लेकिन यहां संचालित आपातकालीन 108 एम्बुलेंस सेवा इन दिनों खुद ही बीमार नजर आ रही है। क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि एम्बुलेंस की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लंबे सफर और घाट वाले रास्तों में गाड़ी खिंचाव नहीं कर पा रही तथा बीच रास्ते में कई बार बंद हो जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि बटकाखापा क्षेत्र पहाड़ी और घाट क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, जहां गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 सेवा ही सबसे बड़ा सहारा होती है। लेकिन एम्बुलेंस की खराब स्थिति के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार मरीजों को निजी वाहनों से अस्पताल ले जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। वहीं डिलीवरी केस में महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बटकाखापा स्वास्थ्य केंद्र को जल्द नई 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाए, ताकि आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें और ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर समस्या पर कब तक ध्यान देता है।

कुएँ में काम कर रहे 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, अस्पताल लाते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

हर्रई, हर्रई थाना क्षेत्र के ग्राम साजवा में उस समय शोक की लहर फैल गई जब कुएं में कार्य कर रहे 32 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामेश्वर यादव कुएं के अंदर काम कर रहा था, तभी अचानक हादसे का शिकार हो गया। गंभीर अवस्था में परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में मातम पसर गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित सहायता एवं जांच की मांग की है।

सीमेंट से भरे ट्रक ने तोड़ी नाली

जुन्नारदेव, नगर के वार्ड क्रमांक 10 पंचशील कॉलोनी टाटरवाड़ा मुख्य मार्ग के सीमेंट से भरे ट्रक क्रमांक एम एच 40 बी एल 7618 ने नाली तोड़ी दी। टूटी नाली के ऊपर बड़े-बड़े बोल्डर डालकर पानी निकासी को भी पूर्णत: बंद कर दिया। जिसके कारण बरसात में वार्ड वासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। नाली टूटने से वार्ड का गंदा पानी थमा रहेगा। जिससे क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप एवं गंदगी फैलेगी। वार्ड के अन्दर बड़े-बड़े ओवरलोड ट्रकों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित है। उसके बाद भी कई लोगों के सीमेंट लोहा एवं रेत, गिट्टी से भरे ट्रक का आना-जाना लगा रहता है। जिसके कारण सड़क और नालियां लगातार टूट रही है।

कमरे के अंदर पड़ी डाकपेटी, व्यवस्था पर उठे सवाल, लोगों को नहीं मिल रही समय पर डाक

नवभारत न्यूज

मोहखेड़,8 मई, ग्राम पंचायत प्रधानघोघरी गांव में डाक वितरण व्यवस्था को लेकर लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डाकघर की डाकपेटी बाहर सार्वजनिक स्थान पर लगाने के बजाय एक कमरे के अंदर रखी गई है, जिससे आम लोगों को डाक डालने में भारी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि डाकपेटी तक पहुंचने के लिए संबंधित कमरे का खुला होना जरूरी है, जो अक्सर बंद रहता है। इससे जरूरी पत्र, आवेदन और अन्य दस्तावेज समय पर नहीं भेजे जा पा रहे हैं। कई बार लोगों को निजी कूरियर का सहारा लेना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है।कुछ लोगों ने बताया कि इस स्थिति की शिकायत कई बार की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। डाक विभाग की इस लापरवाही से सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी और जरूरी पत्राचार प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि डाकपेटी को तुरंत सार्वजनिक स्थान पर लगाया जाए, ताकि हर कोई आसानी से उसका उपयोग कर सके और डाक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव सप्ताह सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, गुरुदेव के 70 वे जन्मोत्सव पर आयोजित विभिन्न सेवा कार्यक्रम को लेकर आज सभी साधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित गई, जिसमें गुरुदेव के जन्मोत्सव पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर फाइनल शेड्यूल बनाया गया

गुरुदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 10 में रविवार को प्रात: 10 बजे जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें अधिकतम साधक रक्तदान करेंगे रक्तदान शिविर के लिए श्री संतोष साहू प्रभारी है,

11 मई को गांधीगंज स्थित दीनदयाल रसोई में जाकर निशुल्क भोजन कराया जाएगा, एवं आगामी शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर आदिवासी अंचल के स्कूल में जाकर बच्चों को स्कूल बैग एवं जूते मोजे वितरित किए जाएंगे साथ ही 13 मई को प्रात: 6:30 बजे रघुवंशम लान सिवनी रोड छिंदवाड़ा में महासुदर्शन क्रिया की जाएगी एवं एवं शाम 7 बजे से गुरू पूजा, के साथ ही मुंबई से पधारे डॉक्टर अभिनव दुबे के द्वारा भजन संध्या की जाएगी उसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा छिंदवाड़ा जिले के सभी को सादर आमंत्रित किया गया है .

प्यासे जंगली जानवर गांवों की ओर बढ़े, ग्रामीणों में दहशत

मोहखेड़। क्षेत्र के आसपास के जंगलों में पानी की भारी कमी के चलते जंगली जानवर अब गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ जंगल के जलस्रोत सूखने लगे हैं, जिससे हिरण, जंगली सूअर और अन्य वन्यजीव पानी की तलाश में आबादी वाले इलाकों में पहुंच रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में रात के समय खेतों और घरों के आसपास जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है। कई जगह फसलों को नुकसान भी हुआ है, जिससे किसानों में चिंता का माहौल है। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर लोग खासे सतर्क हो गए हैं।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
एक नवरत्न कम्पनी (भारत सरकार का उपक्रम)
A Navratna Company (A Govt. of India Undertaking)
NSIC New MDBP Building, 3rd Floor, Okhla Indl. Estate (Opp. NSIC Okhla Metro Station), New Delhi-110020

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

कॉनकॉर निम्नलिखित कार्य हेतु एकल पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

निविदा क्रमांक	CON/Area-II/EP/ICD-Mandideep/E-11129/2026-27
कार्य का नाम	आईसीडी–मंडीदीप (भोपाल)में लगभग 7,600 वर्गमीटर कव्वे यार्ड क्षेत्र का एम–50 सीसी ब्लॉक पेवमेंट सहित विकास कार्य।
अनुमानित लागत	₹411.49 लाख (जीएसटी सहित)
पूर्ण होने की अवधि	06 (छह) महीने
बयाना राशि (ईएमडी)	₹3,55,745.00 (केवल रुपये तीन लाख पचपन हज़ार सात सौ पैंतालिस)
निविदा दस्तावेज की लागत (अप्रतिदेय)	शून्य
निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय)	₹3540/- (ई–भुगतान के माध्यम से समस्त करों एवं शुल्कों सहित)
निविदा बिक्री की तिथी (ऑनलाइन)	09.05.2026 (15:00 बजे) से 02.06.2026 (17:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की तारीख और समय (ऑनलाइन)	03.06.2026 पर 17:00 बजे तक
निविदा खुलने की तारीख और समय (ऑनलाइन)	04.06.2026 पर 15:00 बजे तक

वित्तीय पात्रता मानदंड, समान प्रकृति के कार्यों के अनुभव आदि के संबंध में विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें। लेकिन पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इस निविदा से संबंधित यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल website www.concorindia.co.in. www.tenderwizard.com/CCIL तथा केंद्रीय खरीद पोर्टल (CPP) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्रों में पृथक प्रेस विज्ञापन नहीं किया जाएगा।

समूह महाप्रबंधक (परियोजनाएं)
फोन नं.: 011–41222500